आबंटिती संप्रवर्तक को उसके नाम में इस अपार्टमेन्ट/फ्लैट के विरूद्ध वैध बकाया, यदि कोई हो, के लिए देय शुल्कों के किसी शीर्ष (र्षों) के अंतर्गत उसके द्वारा किए गए सभी भुगतानों को समायोजित/विनियोग करने के लिए अधिकृत करता है और आबंटिती संप्रवर्तक को किसी रीति से उसके भुगतानों को समायोजित करने के लिए आपत्ति/मांग न करने/निर्देश नहीं देने का वचन देता है।

5. समय सार है :

संप्रवर्तक प्राधिकरण से परियोजना के रजिस्ट्रीकरण के समय पर और आबंटिती को अपार्टमेन्ट/भू-खंड को सौंपने तथा अनुरक्षण सोसायटी या सक्षम प्राधिकरण, यथा स्थिति, के सामान्य क्षेत्रों के लिए बताए गए अनुसार परियोजना को पूरा करने के लिए समय-अनुसूची का अनुपालन करेगा।

6. परियोजना का निर्माण :

गीता

आबंटी ने संप्रवर्तक द्वारा यथा वर्णित प्रस्तावित अभिन्यास रेखांक, विनिर्देश अपार्टमेन्ट/भू-खंड की सुख-सुविधाओं और सुविधाओं को देखा है और सक्षम प्राधिकारी द्वारा यथा अनुमोदित फर्शी नक्शें, भुगतान योजना और विनिर्देशनों, सुख सुविधाओं और सुविधाओं (इस करार के साथ संलग्न अनुलग्नक) को स्वीकार किया है। संप्रवर्तक परियोजना को उक्त अभिन्यास रेखांक, फर्शी रेखांक और विनिर्देश, सुख सुविधाओं और सुविधाओं के अनुसार विकसित करेगा। संप्रवर्तक इस करार में शर्तों के अधीन सक्षम प्राधिकरणों द्वारा अनुमोदित ऐसी योजनाओं/नक्शों का कड़ाई से अनुपालन करने का वचन देता है और सुसंगत भवन उप-विधियों द्वारा निर्धारित उप-नियमों, एफएआर और सघनता प्रतिमानों और उपबंधों का भी कड़ाई से अनुपालन करेगा तथा संप्रवर्तक द्वारा इस अधिनियम के अंतर्गत व्यवस्था किए गए तरीके को छोड़कर ऐसे रेखांको में कोई अन्तर/परिवर्तन/संशोधन करने, इस शर्त को भंग करने का कोई विकल्प नहीं होगा और यह इस करार के तात्विक भंग करने के समान होगा।

7. अपार्टमेन्ट/भू-खंड का कब्जा

7.1 उक्त अपार्टमेन्ट/भू-खंड के कब्जे हेतु अनुसूची-संप्रवर्तक इस बात से सहमत है और समझता है कि आबंटी को अपार्टमेन्ट/भू-खंड के कब्जे और अनुरक्षण सोसायटी या सक्षम प्राधिकरण, यथास्थिति, को सामान्य क्षेत्रों की समय पर प्रदानगी करार का सारतत्व है। संप्रवर्तक....19/06/2027........पर संगत परियोजना के सभी विनिर्देशनों, सुख-सुविधाओं और सुविधाओं से युक्त तैयार तथा पूरे सामान्य क्षेत्रों/सहित अपार्टमेन्ट/भू-खंड के कब्जे को सौंपने का आश्वासन देता है, जब तक कि युद्ध, बाढ़, सूखे, अग्नि, चक्रवात, भूकंप या प्रकृति द्वारा उत्पन्न किसी अन्य आपदा ("अप्रत्याशित घटना") के कारण देरी या विफलता नहो और जिसने भूसम्पदा परियोजना के नियमित विकास को प्रभावित न किया हो तथापि, यदि परियोजना को पूरी करने में अप्रत्याशित घटना की स्थितियों के कारण देरी हुई हो, तो तब आबंटी इस बात पर सहमत है कि संप्रवर्तक अपार्टमेन्ट/भू-खंड के कब्जे की प्रदानगी के लिए समय के विस्तार का हकदार होगा, बशर्ते कि ऐसी अप्रत्याशित घटना की स्थितियां इस प्रकृति की नहों, जो इसे संविदा को कार्यान्वित किए जाने के लिए असंभव बनाता हो। आबंटी इस बात से सहमत है/हैं और इसकी पुष्टि करता है/करते है कि संप्रवर्तक के लिए अप्रत्याशित घटना की स्थितियों के कारण इस परियोजना को कार्यान्वित करना असंभव बनाने वाली दशा में, इस आबंटन को समाप्त हुआ समझा जाएगा और संप्रवर्तक आबंटीयों को उसके द्वारा प्राप्त सम्पूर्ण धनराशि को ब्याज के साथ उस तारीख से पैतालीस दिनों के भीतर वापिस करेगा। संप्रवर्तक आबंटी को ऐसी समाप्ति के बारे में ऐसे समापन से कम से कम तीस दिन पहले सूचित करेगा। आबंटी द्वारा भुगतान किए गए धन की वापसी के पश्चात् आबंटी इस बात से सहमत होगा कि उसके पास संप्रवर्तक के विरुद्ध कोई दावा इत्यादि करने का अधिकार नहीं होगा और यह कि संप्रवर्तक को इस करार के अंतर्गत इसके सभी दायित्वों और देयताओं से मुक्त और उन्मुक्त किया जाएगा।

7.2 **कब्जा लेने के लिए प्रक्रिया.-** संप्रवर्तक, आबंटीयों को सक्षम प्राधिकरण से अधिभोग प्रमाणपत्र प्राप्त करने पर इस करार के अनुसार अपार्टमेन्ट/भू-खंड के कब्जे को लिखित में प्रस्तुत करेगा जिसको अधिभोग प्रमाणपत्र को जारी करने की तारीख से 2(दो)महीने के भीतर लिया जाएगा। किन्तु स्थानीय कानून के अभाव में, संप्रवर्तक द्वारा अधिभोग प्रमाणपत्र को जारी करने की तारीख से (तीन) महीने के भीतर आबंटी के पक्ष में हस्तांतरण विलेख को कार्यान्वित किया जाएगा। संप्रवर्तक इस बात से सहमत है और वचन देता है कि वह आबंटीयों को संप्रवर्तक की ओर से किसी भी उपबंध, औपचारिकताओं, दस्तावेज प्रलेखन को पूरा करने में विफलता के मामले में क्षतिपूर्ति करेगा। आबंटी कब्जा लेने के

गीता

पश्चात् इस बात से सहमत है/हैं कि वह/वे संप्रवर्तक या यथास्थिति अनुरक्षण सोसायटी द्वारा यथा अवधारित अनुरक्षण प्रभारों का भुगतान इस परियोजना के लिए पूर्णता प्रमाणपत्र जारी करने के पश्चात करेगा/करेगें। संप्रवर्तक, आबंटी को अपार्टमेन्ट या यथास्थिति भू-खंड का अधिभोग प्रमाणपत्र उसके हस्तांतरण के समय पर सौंपेगा।

7.3 **आबंटी की अपार्टमेन्ट/भू-खंड का कब्जा लेने में विफलता-** आबंटी उपरोक्त निबधन सं. 7.2 के अनुसार संप्रवर्तक से लिखित सूचना प्राप्त होने पर संप्रवर्तक से इस करार में यथा निर्धारित आवश्यक क्षति पूर्तियां, वचनबद्धताएं और ऐसे अन्य दस्तावेज प्रलेखन निष्पादित करके अपार्टमेन्ट/भू-खंड का कब्जा लेगा/लेंगे और संप्रवर्तक आबंटी (यों) को अपार्टमेन्ट/भू-खंड का कब्जा देगा। यदि आबंटी उपरोक्त निबधंन सं. 7.2 के अनुसार प्रदान किए गए समय के भीतर कब्जा नहीं लेता है/लेते हैं तो ऐसे आबंटी को उपरोक्त निबंधन सं. 7.2 के अधीन यथा विनिर्दिष्ट अनुरक्षण प्रभारों का भुगतान करते रहना होगा।

7.4 **आबंटिती द्वारा कब्जा-** अधिभोग प्रमाणपत्र प्राप्त कर लेने और आबंटिती को अपार्टमेन्ट/प्लाट का वास्तविक कब्जा दे देने के पश्चात, संप्रवर्तक की यह जिम्मेदारी है कि वह अनुरक्षण सोसायटी या, यथास्थिति, समक्ष प्राधिकारी को कॉमन क्षेत्रों सहित आवश्यक दस्तावेज़ और नक्शे, स्थानीय विधि के अनुसार, सौंपेगा:

परन्तु यह कि, स्थानीय विधि के अभाव में, संप्रवर्तक कॉमन क्षेत्रों को सम्मिलित करते हुए आवश्यक दस्तावेज और रेखांक अनुरक्षण सोसायटी या यथास्थिति, सक्षम प्राधिकारी को, समापन प्रमाण पत्र प्राप्त कर लेने के तीस दिन के भीतर सौंपेगा।

7.5 **आबंटिती द्वारा रद्दकरण-** आबंटिती (यों) कोयह अधिकार है कि वह/वे परियोजना में आबंटन को रद्द/प्रत्याहारित कर सकता है/सकते है जैसा कि अधिनियम में उपबंधित किया गया है।

परन्तु यह कि, जहां आबंटिती (यों) परियोजना से रद्द/प्रत्याहारित किये जाने का प्रस्ताव संप्रवर्तक की किसी गलती के बिना करता है, तो संप्रवर्तक इसमें आबंटन के लिए भुगतान की गई बुकिंग राशि को जब्त करने का हकदार है। आबंटिती (यों) द्वारा भुगतान की गई शेष राशि संप्रवर्तक द्वारा आबंटिती को ऐसे निरसन से पैतालीस दिन के भीतर लौटानी होगी।

7.6 क्षतिपूर्ति- भूमि, जिस पर परियोजना विकसित की जा रही है अथवा विकसित की गयी है, के दोष पूर्ण स्वामित्व के कारण, आबंटिती को हुई किसी हानि के लिए संप्रवर्तक उसकी क्षतिपूर्ति इस ढंग से करेगा जैसा कि अधिनियम में उपबंधित है और ब्याज और क्षतिपूर्ति के लिए इस उपबंध के अन्तर्गत दावा तत्समय प्रवृत्त किसी विधि के अधीन उपबंधित परिसीमा से वर्जित नही होगा।

अपरिहार्य घटना के घटित होने को छोड़कर, यदि संप्रवर्तक-

(i) इस करार की शर्तों के अनुसार उपरोक्त कथित निबंधन सं. 7.1 में निर्दिष्ट तारीख तक विधिवत पूर्ण; अथवा (ii) अधिनियम के अंतर्गत उसके पंजीकरण के निलंबन अथवा प्रतिसंहरण अथवा अवसान, अथवा किसी अन्य कारण से विकासकर्ता के रूप में उसका कारोबार बंद हो जाने के परिणामस्वरूप, अपार्टमेन्ट/प्लाट पूरा करने में असमर्थ रहता है, अथवा अपार्टमेन्ट/प्लाट का कब्जा देने में असमर्थ रहता है तो संप्रवर्तक आबंटितियों के मांगे जाने पर, यदि आबंटिती परियोजना से, प्रत्याहृत होना चाहता है; तो उसे उपलब्ध किसी अन्य उपाय पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, अपार्टमेन्ट/प्लाट के संबंध में उससे प्राप्त कुल राशि, ब्याज के साथ, क्षतिपूर्ति सहित उसके देय होने के पैतालिस दिन के भीतर, अधिनियम के अंतर्गत यथा उपबंधित रीति से लौटानी होगी:

गीता

परन्तु यह कि, जहां आबंटिती का परियोजना से प्रत्याहरण का आशय नही है, संप्रवर्तक विलम्ब के प्रत्येक माह के लिए, अपार्टमेन्ट/प्लाट का कब्जा सौंपे जाने तक, ब्याज का भुगतान करेगा, संप्रवर्तक को इसके देय होने के पैतालिस दिन के भीतर आबंटिती को भुगतान करना होगा।

8. संप्रवर्तक का अभ्यावेदन और वांरटी :

संप्रवर्तक एतद्द्वारा आबंटिती को निम्नानुसार अभ्यावेदन और वांरटी देता है :

(i) संप्रवर्तक का कथित भूमि के संबंध में पूर्ण, स्पष्ट और वाणिज्यिक और विपणन योग्य अधिकार है; कथित भूमि पर विकास करने का अपेक्षित अधिकार और परियोजना के लिए कथित भूमि पर पूर्ण, वास्तविक, भौतिक और विधिक कब्जा है;

(भूमि का स्वामी संप्रवर्तक के नहीं होने की दशा में,ऐसे स्वामी के साथ सहयोगिता का ब्यौरा दें।)

(ii) संप्रवर्तक के पास परियोजना का विकास करने के लिए सक्षम प्राधिकारी से विधिक अधिकार और अपेक्षित अनुमोदन प्राप्त है;

(iii) कथित भूमि अथवा परियोजना पर कोई विल्लंगम नहीं है;

(किसी प्रकारके विल्लंगम होने के मामले में ऐसी भूमि में अथवा भूमि पर, ऐसी विल्लंगमों का ब्यौरा, किसी अधिकार, स्वामित्व, हित और पक्षकार के नाम सहित देना होगा।)

(iv) कथित भूमि, परियोजना अथवा इकाई के विषय में कोई विवाद किसी न्यायालय अथवा प्राधिकारी के पास लंबित नहीं है;

(विवाद की दक्षा में, ब्यौरा दे)

(v) परियोजना, कथित भूमि और इकाई के विषय में सक्षम प्राधिकारियों द्वारा जारी सभी अनुमोदन, लाइसेंस और परमिट वैध है और विद्यमान है, और विधि की प्रक्रिया पूरी करने के पश्चात प्राप्त किये गये हैं। इसके अतिरिक्त, संप्रवर्तक, परियोजना, इकाई और सामान्य क्षैत्र के संबंध में प्रभावी विधियों का हर समय अनुपालन करेगा;

(vi) संप्रवर्तक के पास इस करार पर हस्ताक्षर करने का अधिकार है और उसने ऐसा कोई कार्य अथवा कार्यकलाप के निष्पादन में कोई प्रतिबद्धता अथवा लोप नहीं किया है जिसके द्वारा आबंटिती का अधिकार, स्वामित्व और हित, जिसे इसमें सृजित किया गया है, पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है;

(vii) संप्रवर्तक ने उक्त भूमि, परियोजना और कथित इकाई सहित, के विषय में, किसी अन्य व्यक्ति अथवा पक्षकार के साथ बिक्री के लिए कोई विक्रय करार और/अथवा विकास करार अथवा अन्य कोई करार/व्यवस्था पर हस्ताक्षर नहीं किये हैं, जो किसी भी प्रकार से इस करार के अंतगत आबंटिती के अधिकारों को प्रभावित करेगा;

गीता

(viii) संप्रवर्तक पुष्टि करता है कि, संप्रवर्तक इस करार में ध्यानपूर्वक विचार किये गए जिस किसी भी ढंग से आबंटिती को कथित इकाई का विक्रय करने से प्रतिबंधित नहीं है।

(ix) हस्तांतरण विलेख के निष्पादन के समय, संप्रवर्तक आबंटिती को इकाई का विधिक, खाली, शांतिपूर्ण, भौतिक कब्जा सौंपेगा और सामान्य क्षेत्र अनुरक्षण सोसाइटी को सौंपेगा।

(x) अनुसूचित संपत्ति किसी हिन्दू अविभाजित कुटुम्ब की विषय वस्तु नहीं है और कि उसके किसी भाग पर अवयस्क का अधिकार नहीं है और/अथवा किसी अवयस्क का अनुसूचित संपत्ति पर कोई अधिकार, स्वामित्व अथवा दावा नहीं है;

(xi) संप्रवर्तक ने उक्त परियोजना के संबंध में सभी सरकारी देयताएं, दरें, प्रभार और कर तथा अन्य राशियां, उगाहियां, अर्थदंड, प्रीमियम, क्षतियां और/अथवा शास्तियां तथा अन्य लागतें, जो भी हों, सक्षम प्राधिकारियों को अदा कर दी हैं और समापन प्रमाणपत्र के जारी होने तक ऐसे भुगतान तब तक संदत्त करतारहेगा जब तक अपार्टमेन्ट/प्लाट सामान्य क्षेत्र के साथ (सभी विनिर्देशनों, सुख सुविधाओं से सुसज्जित) आबंटिती को और आबंटितियों की संस्था को या,यथास्थिति, सक्षम प्राधिकारियों को, सौंप नहीं देता।

(xii) कथित भूमि और/अथवा परियोजना के संबंध में सरकार से अथवा किसी अन्य स्थानीय निकाय अथवा प्राधिकारी अथवा अन्य किसी विधायी अधिनियम, सरकारी आदेश, अधिसूचना (उक्त संपत्ति के अर्जन अथवा अधिग्रहण की किसी सूचना सहित) संप्रवर्तक द्वारा न तो प्राप्त किया गया है अथवा न ही उसे तामील हुआ है।

9. **व्यतिक्रमों की घटनाएं और परिणाम :**

9.1 अपरिहार्य घटना खंड के अध्यधीन, निम्नलिखित स्थितियों में संप्रवर्तक को व्यतिक्रम की स्थिति के अंतर्गत समझा जायेगा, अर्थात् :-

(i) संप्रवर्तक इस करार में उपरोक्त निबंधन सं. 7.1 में निर्दिष्ट समयावधि के भीतर आबंटिति को अपार्टमेन्ट/फ्लेट का प्रवेश के लिए तैयार कब्जा देने में असमर्थ रहता है अथवा प्राधिकरण के पास परियोजना के पंजीकरण के समय प्रकट किये गए अनुबद्ध समय के भीतर परियोजना को समाप्त करने में विफल रहता है। इस खण्ड के प्रयोजनार्थ 'प्रवेश के लिए तैयार कब्जा' का अर्थ अपार्टमेन्ट अथवा फ्लेट आवास योग्य स्थित में होगा जो सभी विनिर्देशनों, सुख-सुविधाओं और सुविधाओं की व्यवस्थाओं के साथ हर प्रकार से पूर्ण हो, जैसा की पक्षों के बीच सहमति हुई है, और अधिभोग प्रमाणपत्र, और समापन प्रमाण पत्र जैसा भी मामला हो सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किया गया हो।

(ii) अधिनियम के उपबंधों अथवा तदधीन बनाये गये नियमों अथवा विनियमों के अधीन संप्रवर्तक के पंजीकरण के निलंबन अथवा प्रतिसंहरण अथवा अवसान के द्वारा विकासकर्ता के रूप में उसका कारबार का समापन होना।

9.2 ऊपर सूची बद्ध स्थितियों के अंतर्गत संप्रवर्तक द्वारा व्यतिक्रम के मामले में, आबंटिती निम्नलिखित का हकदार होगा :

गीता

(i) संप्रवर्तक को और संदाय करना, जो संप्रवर्तक द्वारा मांग की गई हो, रोक देगा। यदि आबंटिती संदाय करना रोकता है, संप्रवर्तक निर्माण/विकास के माइलस्टोनज को पूरा कर के स्थिति में सुधार करेगा और केवल तत्पश्चात आबंटिती, बिना किसी ब्याज के, आगामी संदाय करेगा; अथवा

(ii) आबंटिती(यों) के पास करार को समाप्त करने का विकल्प होगा। इस मामले में संप्रवर्तक को अपार्टमेन्ट के क्रय के संबंध में आबंटिती द्वारा वह सारी राशि ब्याज सहित करार समाप्त करने की सूचना से पैंतालीस दिनों में लौटानी होगी जो उसने किसी भी शीर्ष के अंतर्गत अदा की हो।

परन्तु यह कि, जहां आबंटिती परियोजना से निकलने अथवा करार को समाप्त करने की मंशा नहीं रखता, उसे संप्रवर्तक द्वारा विलंम्ब की कालावधि के लिए ब्याज तब तक अदा किया जायेगा जब तक संप्रवर्तक द्वारा अपार्टमेन्ट/प्लाट का कब्जा नहीं दे दिया जाता, संप्रवर्तक द्वारा ब्याज देय होने के पैतालीस दिन के भीतर आबंटिती को देना होगा।

9.3 आबंटिती तब व्यतिक्रम की स्थिति में समझा जायेगा, जब निम्नलिखित घटनांए घटित हों :-

(i) यदि आबंटिती ऊपर कथित संदाय योजना के अनुसार संप्रवर्तक द्वारा मांग किये जाने पर लगातार .... मांगों का, इस संबंध में आबंटिती को नोटिस जारी किये जाने के बावजूद, संदाय करने में विफल रहता है, तो आबंटिती संप्रवतक को अप्रदत्त राशि पर ब्याज का संदाय करने का दायी होगा।

(ii) ऊपर सूचीबद्ध स्थितियों के अंतर्गत आबंटिती इस संबंध में संप्रवर्तक से नोटिस के बाद भी लगातार -------- महीने से अधिक की अवधि के लिए व्यतिक्रम करता है, तो संप्रवर्तक आबंटिती के पक्ष में आबंटित अपार्टमेन्ट/प्लाट को रद्द कर सकेगा और आंबटिती द्वारा उसे संदत्त राशि में से बुंकिग राशि तथा ब्याज देयताओं की कटौती के पश्चात-शेष राशि आबंटिती को प्रतिदत्त कर देगा और तत्पश्चात-यह करार समाप्त हो जाएगा:

परन्तु यह कि, संप्रवर्तक ऐसे समापन से कम से कम तीस दिन पूर्व ऐसे समापन के बारे में आबंटिती को सूचित करेगा।

10. कथित अपार्टमेंट/भूखण्ड का हस्तांतरण :

संप्रवर्तक, आंबटिती से करार के अधीन निबन्धन सं. 1.2 के अनुसार अपार्टमेंट/भूखण्ड की कुल कीमत की प्राप्ति पर एक हस्तांतरण विलेख निष्पादित करेगा और अधिभोग प्रमाणपत्र और यथास्थिति, समापन प्रमाणपत्र के जारी किये जाने की तारीख से तीन मास के भीतर सामान्य क्षेत्रों में अनुपातिक अविभाज्य अंश सहित अपार्टमेंट/भूखण्ड का हक आंबटिती को हस्तांतरित करेगा :

परन्तु यह कि स्थानीय विधि के अभाव में, आवंटिती के पक्ष में हस्तांतरण विलेख, संप्रवर्तक द्वारा अधिभोग प्रमाणपत्र के जारी किये जाने की तारीख से तीन मास के भीतर-भीतर निष्पादित किया जायेगा।

गीता

परन्तु यह और उस दशा में जहां आबंटिती मांग नोटिस, पत्र में उल्लिखित कालावधि के भीतर स्टाम्प ड्यूटी, रजिस्ट्रीकरण प्रभारों का निक्षेप करने में विफल रहता है/रहते हैं तो आबंटिती संप्रवर्तक को उसके पक्ष में हस्तांतरण विलेख के रजिस्ट्रीकरण को तब तक रोकने के लिए प्राधिकृत करता है जब तक आबंटिती (आंबटितियों) द्वारा संप्रवर्तक को स्टाम्प शुल्क और रजिस्ट्रीकरण प्रभारों का संदाय नहीं किया जाता है।

11. कथित भवन/अपार्टमेंट/परियोजना का अनुरक्षण :

संप्रवर्तक परियोजना में आवश्यक सेवाएं उपलब्ध कराने और उनके अनुरक्षण के लिए तब तक उत्तरदायी होगा जब तक कि परियोजना के समापन प्रमाणपत्र के जारी होने पर अनुरक्षण सोसाइटी द्वारा परियोजना का अनुरक्षण संभाल न लिया जाये। ऐसे अनुरक्षण के खर्च को अपार्टमेंट/भूखण्ड की कुल कीमत में सम्मिलित किया हुआ है।

12 त्रुटि का दायित्व :

इस पर सहमति है कि यदि कब्जा सौंपने की तारीख से पांच वर्ष की कालावधि के भीतर आबंटिती द्वारा ऐसे विकास से संबंधित किसी संरचनात्मक त्रुटि या सेवाओं के कर्म कौशल, गुणवत्ता या उपबंध में अन्य कोई त्रुटि या इस करार के अनुसार संप्रवर्तक की कोई अन्य बाध्यताएं संप्रवर्तक की जानकारी में लायी जाती हैं तो संप्रवर्तक का यह कर्तव्य होगा कि वह तीस दिन के भीतर बिना अतिरिक्त प्रभार के ऐसी त्रुटियो का सुधार करे और संप्रवर्तक द्वारा ऐसी त्रुटियों का ऐसे समय के भीतर दूर करने में विफल रहने की दशा में व्यथित आबंटिती इस अधिनियम के अधीन यथा उपबन्धित रीति से समुचित प्रतिकर प्राप्त करने का/के हकदार होगा/होंगे।

13 मरम्मत के लिए अपार्टमेंट में प्रवेश का अधिकार:

संप्रवर्तक/अनुरक्षण सोसाइटी को आवश्यक अनुरक्षण सेवाएं प्रदान करने के लिए समस्त सामान्य क्षेत्रों, गैराज/कवर्ड पार्किंग और पार्किंग स्थानों पर अनिर्बंधित पहुंच का अधिकार होगा और आबंटिती संप्रवर्तक/अनुरक्षण सोसाइटी को अपार्टमेंट/भूखण्ड या उसके किसी भी भाग में, जब तक कि सही करने की दृष्टि से परिस्थितियां अन्यथा मांग न करें, किसी त्रुटि को सम्यक् नोटिस के पश्चात् और सामान्य कार्य-समय के दौरान प्रवेश की अनुज्ञा देने के लिए सहमत है।

14 उपयोग:

बेसमेंट (बेसमेन्टों) और सेवा क्षेत्रों का उपयोग :- बेसमेंट और सेवा क्षेत्रों को, यदि कोई हों, जो कि परियोजना में अवस्थित है, पार्किंग स्थानों और सेवाओं जिनमें इलैक्ट्रिक सब-स्टेशन, ट्रांसफार्मर, डी.जी. सेट कक्ष, भूमिगत वॉटर टैंक, पम्प कक्ष अनुरक्षण और सेवा कक्ष, अग्निशमन पम्प और उपकरण आदि सम्मिलित हैं किन्तु जो इन तक ही सीमित नहीं हैं,जैसे- प्रयोजनों के लिए और मंजूर की गयी योजना के अनुसार अन्य अनुज्ञात उपयोगों के लिए चिन्हित किया जायेगा। आबंटिती (आबंटितियों) को, पार्किंग स्थानों के रूप से चिन्हित से भिन्न, सेवा क्षेत्रों और बेसमेंट का किसी भी रीति से उपयोग करना अनुज्ञात नहीं किया जायेगा और उसे अनुरक्षण सेवाऐ प्रदान करने के लिए अनुरक्षण सोसाइटी द्वारा उपयोग के लिए आरक्षित रखा जाएगा।

15 अपार्टमेंट/भूखण्ड के संबंध में साधारण अनुपालन:

15.1 उपरोक्त निबंधन 12 के अध्यधीन रहते हुए, आबंटिती कब्जा लेने के पश्चात्, उक्त अपार्टमेंट/भूखण्ड को स्वयं के खर्चें पर अच्छी मरम्मत और दशा में रखने के लिए पूर्ण रूप से उत्तरदायी होगा/होंगे और वह उक्त भवन अपार्टमेंट/भूखण्ड में या पर या सीढियों, लिफ्ट, सामान्य मार्गों, गलियारों,

गीता

परिचलन क्षेत्रों, बरसाती या कम्पाउण्ड पर कुछ भी ऐसा नहीं करेगा/करेंगे या होने देगा/देंगे जो किसी प्राधिकरण की किन्हीं विधियों या नियमों के उल्लंघन में हो या उक्त अपार्टमेंट/भूखण्ड में परिवर्तन या बदलाव या परिवर्धन नहीं करेगा या उक्त अपार्टमेंट/भूखण्ड, उसकी दीवारें और हिस्सों, मलमार्गों, नालों, पाइपों और उसके अनुलग्नकों या उनके समबद्ध सामान को अच्छे और वासयोग्य मरम्मत में रखेगा तथा उसे ठीक और उचित स्थिति में अनुरक्षित रखेगा और यह सुनिश्चित करेगा कि भवन के आलम्बन, शेल्टर आदि किसी भी प्रकार से क्षतिग्रस्त या खतरे में नहीं हैं।

15.2 आबंटिती इसके अतिरिक्तयह वचन देता है, आश्वस्त करता है और गारंटी देता है कि वह भवन के अग्रभाग या परियोजना के बाहरी भाग पर कहीं भी, उसमें के भवन या सामान्य क्षेत्रों पर कोई संकेत पट्ट /नाम पट्ट, नियॉन लाइट, प्रचार सामग्री या विज्ञापन सामग्री आदि नहीं लगायेगा। आबंटिती बाहरी दीवारों की रंग की स्कीम या खिड़कियों के बाहरी ओर का पेंट भी नहीं बदलेगा या बाहरी एलिवेशन अथवा डिजाइन में कोई परिवर्तन नहीं करेगा। इसके अतिरिक्त आबंटिती अपार्टमेंट/भूखण्ड में कोई जोखिमवाले या ज्वलनशील सामान का भंडारण नहीं करेगा या भवन के आम रास्तों या सीढ़ी में कोई भारी सामग्री नहीं रखेगा। आबंटिती अपार्टमेंट/भूखण्ड की बाहरी और भार वहन करने वाली दीवार सहित किसी दीवार को नहीं हटायेगा।

15.3 आबंटिती संप्रवर्तक द्वारा संस्थापित विद्युतीय प्रणालियों के अनुरूप इसके विद्युतीय भार की योजना बनायेगा और उसका वितरण करेगा और इसके पश्चात् अनुरक्षण सोसाइटी और/या अनुरक्षण सोसाइटी द्वारा नियुक्त अनुरक्षण एजेन्सी इस कार्य को करेगी। आबंटिती उपर्युक्त शर्तों में से किसी भी शर्त के भंग होने से उत्पन्न किसी हानि या नुकसान के लिए उत्तरदायी होगा।

16 पक्षकारों द्वारा विधियों, अधिसूचनाओं आदि की अनुपालना:

पक्षकार परियोजना पर लागू समस्त विधियों, नियमों, विनियमों, अधिसूचनाओं का पूर्ण ज्ञान रखते हुए किसी अपार्टमेंट/भू-खण्ड के आबंटन के लिए यह करार करते हैं।

17 अतिरिक्त निर्माण :

संप्रवर्तक यह वचन देता है कि उसे, सक्षम प्राधिकारियों द्वारा भवन रेखांक, अभिन्यास रेखांक, मंजूर रेखांक और विनिर्देश, सुख-सुविधाएं तथा सुविधाएं अनुमोदित और प्रकट किये जाने के पश्चात्, अधिनियम में यथा उपबंधित के सिवाय, परियोजना में परिवर्धन करने या किसी भी स्थान पर अतिरिक्त संरचना बनाने का कोई अधिकार नहीं होगा।

18 संप्रवर्तक बंधक नहीं करेगा या कोई भार सृजित नहीं करेगा:

संप्रवर्तक इस करार को निष्पादित करने के पश्चात्, उक्त अपार्टमेंट/भूखण्ड /भवन को बंधक नहीं करेगा या उस पर कोई भार सृजित नहीं करेगा और यदि ऐसा कोई बंधक या भार बनाया या सृजित किया जाता है तो तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य विधि में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, ऐसा बंधक भार के लिए उस आबंटिती (यों) के अधिकार और हित को प्रभावित नहीं करेगा जिसने/जिन्होंने ऐसा अपार्टमेंट/भूखण्ड/भवन लिया है या लेने का करार किया है।

19 बाध्यकारी प्रभाव :

संप्रवर्तक द्वारा आबंटिती (यों) को इस करार का अग्रेषित किया जाना तब तक प्रवर्तक या आबंटिती (यों) की ओर से कोई बाध्यकारी दायित्व सृजित नहीं करता है जब तक कि पहले तो आबंटिती इस करार पर, हस्ताक्षर नहीं कर देता है/देते हैं और इसे इसकी समस्त अनुसूचियों के साथ इस करार में

गीता

नियत सम्यक् संदायों सहित, आबंटिती (यों) द्वारा प्राप्ति की तारीख से तीस दिवस के भीतर और इसे सौंप नही देता है/देते हैं और दूसरा संप्रवर्तक द्वारा जब कभी सूचना दिये जाने पर उसके रजिस्ट्रीकरण के लिए संबंधित उप-रजिस्ट्रार.........(उप-रजिस्ट्रार का पता) के समक्ष उपस्थित नहीं हो जाता है/जातें हैं। यदि आबंटिती (यों) द्वारा इस करार की प्राप्ति की तारीख के तीस दिवस के भीतर संप्रवर्तक को करार निष्पादित करने और सौंपने और/या संप्रवर्तक द्वारा जब कभी सूचित किये जाने पर इसके रजिस्ट्रीकरण हेतु उप-रजिस्ट्रार के समक्ष उपस्थित होने में विफल रहता है/रहते हैं तो संप्रवर्तक आबंटिती (यों) को व्यतिक्रम को ठीक करने के लिए एक नोटिस देगा, जो यदि आबंटिती (यों) द्वारा उसकी प्राप्ति की तारीख से 30 (तीस) दिवस के भीतर ठीक नहीं किया जाता है तो आबंटिती का आवेदन रद्द समझा जायेगा और उसके संबंध में आबंटिती (यों) द्वारा बुकिंग रकम को सम्मिलित करते हुए निक्षिप्त समस्त राशि आबंटिती (यों) को बिना किसी ब्याज या प्रतिकर के लौटा दी जायेगी।

20 पूर्ण करार:

यह करार इसकी अनुसूचियों सहित, इसकी विषय वस्तु के संबंध में पक्षकारों के मध्य एक पूर्ण करार बनाता है और उक्त अपार्टमेंट/भूखण्ड/या, यथास्थिति, भवन के संबंध में पक्षकारों के मध्य किन्हीं और समस्त सहमतियों, किन्हीं अन्य करारों, आबंटन पत्र, पत्राचारों, व्यवस्थाओं को, चाहे लिखित हो या मौखिक, अतिष्ठित करता है।

21. संशोधन करने का अधिकार:

यह करार पक्षकारों की लिखित सहमति से ही संशोधित किया जा सकेगा।

22. इस करार के उपबंधों का आबंटिती/पश्चात्वर्ती आबंटितियों पर लागू होना:

इसे स्पष्ट रूप से समझा गया है और इसके पक्षों द्वारा और उनके बीच इस प्रकार सहमति हुई है कि उक्त अपार्टमेंट/भूखण्ड और परियोजना के संबंध में, इसमें अंतर्विष्ट समस्त उपबंध और इसके अधीन उत्पन्न दायित्व, स्थानांतरण के मामले में, अपार्टमेंट/भूखण्ड के किसी पश्चात्वर्ती आबंटिती पर समान रूप से लागू होंगे और उसके विरुद्ध या उसके द्वारा प्रवर्तनीय होंगे जैसे कि उक्त दायित्व समस्त आशयों और प्रयोजनों के लिए अपार्टमेंट/भूखण्ड के साथ बने रहते हैं।

23 अधित्यजन प्रवर्तन को परिसीमित करना नहीं:

23.1 संप्रवर्तक कम से कम विकल्प और स्वविवेक से, इस करार में यथोल्लिखित उसके अधिकारों पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना निलंबित संदाय के लिए ब्याज के संदाय के अधित्यजन सहित इस करार में उल्लिखित संदाय योजना के अनुसार संदाय न करने के आबंटिती के भंग का अधित्यजन कर सकेगा। यह स्पष्ट किया गया है और आबंटिती इससे सहमत है कि किसी एक आबंटिती के मामले में संप्रवर्तक द्वारा किया गया स्वविवेक के प्रयोग को उदाहरण के रूप में नहीं समझा जायेगा और/या अन्य आबंटितियों के मामले में संप्रवर्तक पर ऐसे स्वविवेक का प्रयोग करना बाध्यकारी नही होगा।

23.2 इसके उपबन्धों को किसी भी समय या किसी भी कालावधि के लिए प्रवर्तन में लाने में पक्षकारों की ओर से विफलता को, इसके पश्चात् प्रत्येक उपबंध को प्रवर्तन में लाने के लिए किसी उपबंध का या अधिकार का अधित्यजन नहीं समझा जायेगा।

24. पृथक्करणीयता :

यदि इस करार के किसी भी उपबंध को अधिनियम या उसके अधीन बनाये गये नियमों और विनियमों के अधीन या अन्य लागू विधियों के अधीन शून्य या अप्रवर्तनीय अवधारित किया जाता है तो करार के ऐसे उपबंधों को, जहां तक वे इस करार के प्रयोजन से युक्तियुक्त रूप से असंगत हैं और उस सीमा

तक जहां तक उनका अधिनियम या उसके अधीन बनाये गये नियमों और विनियमों, या, यथास्थिति, लागू विधि के अनुरूप होना आवश्यक है, संशोधित या हटाया गया समझा जायेगा तथा इस करार के शेष उपबंध विधिमान्य और प्रवर्तनीय रहेंगे जो इस करार के निष्पादन के समय लागू थे।

25. करार में जहां कहीं भी निर्दिष्ट किये गये आनुपातिक अंश की गणना की रीति:

इस करार में जहां कहीं भी यह नियत किया जाये कि आबंटितियों को इस परियोजना में अन्य आबंटितियों के साथ समान रूप से कोई संदाय करना है, तो वह उसी अनुपात में होगा जो अनुपात अपार्टमेंट/भूखण्ड के फर्श क्षेत्र का, परियोजना में के समस्त अपार्टमेंटों/भूखण्डों के कुल फर्श क्षेत्र में वह धारण करता है।

26. अतिरिक्त आश्वासन :

दोनों पक्षकार इस बात पर सहमत हैं कि वे ऐसी लिखतें निष्पादित करेंगे उनकी अभिस्वीकृति देंगे और दूसरे को परिदत्त करेंगे तथा लिखतों के अतिरिक्त ऐसी अन्य कार्रवाई तथा इसमें विनिर्दिष्ट रूप से उपबंधित कार्रवाई करेंगे जो इस करार या इसमें अनुध्यात किसी संव्यवहार के उपबंधों को प्रभावी करने के क्रम में या इसके अधीन या किसी संव्यवहार के अनुसरण में सृजित या अंतरित किये जाने वाले किसी अधिकार की पुष्टि या उसे पूर्ण करने के लिए युक्तियुक्त रूप से अपेक्षित हो।

27 निष्पादन का स्थान:

इस करार का निष्पादन संप्रवर्तक के कार्यालय पर या किसी अन्य स्थान पर, जिस पर संप्रवर्तक और आबंटिती परस्पर रूप से सहमत हो,................में, संप्रवर्तक द्वारा उसके प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता के माध्यम से उसके निष्पादन पर ही पूर्ण होगा आबंटिती और संप्रवर्तक द्वारा सम्यक् रूप से करार को निष्पादित करने के पश्चात् या निष्पादन के साथ ही उक्त करार को उप-रजिस्ट्रार के कार्यालय पर...................................(उप-रजिस्ट्रार का पता विनिर्दिष्ट करें) रजिस्ट्रीकृत किया जायेगा। अत: यह करार....................पर निष्पादित किया गया समझा जायेगा।

28 नोटिस :

इस करार द्वारा यथा अनुध्यात आबंटिती और संप्रवर्तक पर तामील किये जाने वाले समस्त नोटिस सम्यक् रूप से तामील किये समझे जायेंगे यदि उन्हें आबंटिती या संप्रतर्वक को रजिस्ट्रीकृत डाक द्वारा नीचे विनिर्दिष्ट उनके अपने-अपने पतों पर भेजा गया हो :-

मैसर्स श्रीमती गीता देवी....(संप्रवर्तक का नाम)	आबंटिती(यो)ं का/के नाम
पता...गुर्जरों का बास, कायड, अजमेर राजस्थान - 305023	पता.....................

पक्षकारों का यह कर्तव्य होगा कि वे उपरोक्त पते में इस करार के निष्पादन के पश्चात् हुए परिवर्तनों की सूचना एक दूसरे को रजिस्ट्रीकृत डाक दवारा दें, जिसमें विफल रहने पर उपरोक्त पते पर किये गये समस्त पत्र-व्यवहार और पत्र संप्रवर्तक या, यथास्थिति, आबंटिती (आबंटितियों) द्वारा प्राप्त किये हुए समझे जायेंगे।

29. संयुक्त आबंटिती :

यह कि उस मामले में जहां संयुक्त आबंटिती हैं वहां संप्रवर्तक द्वारा समस्त पत्रादि आबंटिती को, जिसका नाम पहले प्रकट होता है तथा उसके द्वारा दिये गए पते पर भेजे जायेंगे जो समस्त आशयों और प्रयोजनों के लिए समस्त आबंटितियों पर उचित तौर पर तामील किया गया समझा जायेगा।

30. व्यावृत्तियाँ :

गीता

अपार्टमेंट, भूखण्ड, यथास्थिति, भवन के संबंध में आबंटिती द्वारा, ऐसे अपार्टमेंट, भूखण्ड या, यथास्थिति, भवन के लिए विक्रय के करार के निष्पादन और रजिस्ट्रीकरण के पूर्व, हस्ताक्षरित कोई भी आवेदन पत्र, आबंटन पत्र या अन्य कोई दस्तावेज, विक्रय करार के अधीन आबंटिती या संप्रवर्तक के अधिकारों और हितों को, अधिनियम, उसके अधीन बनाये गये नियमों या विनियमों के अधीन सीमित करने वाला नहीं समझा जायेगा।

31. शासकीय विधि :

यह कि इस करार के अधीन या इससे उत्पन्न पक्षकारों के अधिकारों और दायित्वों का, तत्समय प्रवृत्त भारत की अन्य लागू विधियों सहित अधिनियम, उसके अधीन बनाये गये नियमों और विनियमों के अनुसार अर्थ लगाया जायेगा और प्रवर्तित किया जायेगा।

32. विवाद समाधान :

इस करार के निर्वचन और विधिमान्यता सहित इसके निबंधनों और शतोरं तथा पक्षों के अपने-अपने अधिकारों और दायित्वों से उत्पन्न या के बारे में या से संबंधित समस्त या कोई विवाद पक्षकारों के मध्य पारस्परिक विचार विमर्श द्वारा सौहार्दपूर्ण रूप से निपटाया जायेगा, जिसमें विफल होने पर विवाद, अधिनियम के अधीन यथा उपबंधित रीति से निपटाया जायेगा।

(टिप्पणी :-पक्षकारों के बीच संविदात्मक सहमति के अनुसार अन्य कोई निबंधन और शर्तो अंत: स्थापित की जा सकेंगी। तथापि, ऐसे निबन्धन इस करार के निबंधनों और शर्तों या अधिनियम और उसके अधीन बनाये गये नियमों/विनियमों के उपबंधों के अल्पीकरण में या उनसे असंगत नहीं होने चाहिएं।)

इसके साक्ष्यस्वरूप इसमें उपरोक्त नामित पक्षकारों ने अपने हस्ताक्षर कर दिये हैं और अनुप्रमाणक साक्षी की उपस्थिति में ऊपर लिखित प्रथम दिवस ....को इस विक्रय करार पर हस्ताक्षर किये हैं।

इसके भीतर नामित आबंटिती (आबंटितियों) द्वारा साक्षियों की उपस्थिति में................को हस्ताक्षरित और परिदत्त :

पासपोर्ट आकार की फोटो, जिसके आर-पार हस्ताक्षर हो (प्रथम आबंटिती)	पासपोर्ट आकार की फोटो, जिसके आर-पार हस्ताक्षर हो (द्वितीय आबंटिती)	पासपोर्ट आकार की फोटो, जिसके आर-पार हस्ताक्षर हो (तृतीय आबंटिती)
हस्ताक्षर (नाम) (प्रथम आबंटिती)	हस्ताक्षर (नाम) (द्वितीय आबंटिती)	हस्ताक्षर (नाम) (तृतीय आबंटिती)

भीतर नामित संप्रवर्तक द्वारा साक्षियों की उपस्थिति में..............पर.................को हस्ताक्षरित और परिदत्त :

संप्रवर्तक
~~मैसर्स~~ श्रीमती गीता देवी..............................के निमित्त और उसकी ओर से

नाम	गीता देवी
हस्ताक्षर	
पदनाम	

साक्षी

गीता

1- हस्ताक्षर	
नाम	
पता	
2- हस्ताक्षर	
नाम	
पता	

अनूसची-1

(संप्रवर्तक की भू-धृति के ब्यौरे और परियोजना की अवस्थिति)

राजस्व ग्राम और तहसील का नाम	खसरा सं.	क्षेत्र (मीटर में)
माकडवाली, अजमेर राजस्थान -	3588, 3591, 5323/3591, 3591/4999	10290.88
	कुल क्षेत्र	

या

स्कीम/कॉलोनी और शहर का नाम	भूखण्ड सं.	क्षेत्र (मीटर में)

2. स्थल पर में भूमि के भूखण्ड का अहम हिस्सा
उत्तर में ....तक
दक्षिण में................तक
पूर्व में ....तक
पश्चिम में................तक
सीमाबद्ध है
तथा उसका नाप :
उत्तर से दक्षिण........................तक
पूर्व से पश्चिम..........................तक
है।

3. परियोजना के अंतिम बिन्दुओं के अक्षांश/देशांतर
उत्तर में ....
दक्षिण में................
पूर्व में ....

गीता

पश्चिम में................ है।

4. परियोजना की अवस्थिति के अन्य ब्यौरे

5. अवस्थिति नक्शा

अनुसूची-2

(परियोजना का अभिन्यास रेखांक)

अनुसूची-3

(परियोजना में अपार्टमेंट और ब्लॉक/टावर का तल रेखांक)

अनुसूची-4

समस्त चार दिशाओं में सीमाओं के साथ (अपार्टमेंट/भूखण्ड और गैराज/कवर्ड पार्किंग (यदि लागू हो) का विवरण)

अनुसूची-5

(विनिर्देशन, सुविधाएं, सुख-सुविधाएं जो अपार्टमेंट/भूखण्ड के भाग हैं) जो परियोजना में इकाईयों की बुकिंग के समय संप्रवर्तक द्वारा परिचालित विज्ञापनों, विवरणिकाओं इत्यादि के अनुरूप होंगे।

अनुसूची-6

(विनिर्देशन, सुविधाएं, सुख-सुविधाएं आंतरिक/बाहरी विकास कार्य आदि जो परियोजना के भाग हैं) जो परियोजना में इकाईयों की बुकिंग के समय संप्रवर्तक द्वारा परिचालित विज्ञापनों, विवरणिकाओं इत्यादि के अनुरूप होंगे)

(इस विक्रय करार की अनुसूचियां ऐसी होंगी जैसा कि पक्षकारों के बीच सहमति हो)

प्ररूप-ज

(नियम 10(1) देखिए)

भू-संपदा अभिकर्ता के रजिस्ट्रीकरण के लिए आवेदन

प्रेषिती

भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण

राजस्थान, जयपुर।

महोदय,

मैं/हम इसके द्वारा, भू-संपदा (विनियम और विकास) अधिनियम, 2016 और उसके अधीन बनाये गये नियमों और विनियमों के निबंधनों के अनुसार राजस्थान राज्य में रजिस्ट्रीकृत भू-संपदा परियोजनाओं

गीता